विश्व ब्रेल दिवस 2025

[स्रोत: द हिंदू](#)

4 जनवरी को मनाया जाने वाला [**विश्व ब्रेल दिवस**](#), **लुई ब्रेल** के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ब्रेल लिपि एक **स्पर्शनीय कोड** है जो **नेत्रहीन और दृष्टिबाधित** व्यक्तियों को **लिखित जानकारी तक पहुँचने में सक्षम** बनाता है।

- **लुई ब्रेल:** लुई ब्रेल (1809-1852) का जन्म फ्राँस में हुआ था और तीन वर्ष की आयु में ही उनकी दृष्टि चली गयी थी।
    - दस वर्ष की आयु में उन्हें पेरिस में रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में छात्रवृत्ति मिली, जहाँ उन्होंने एक सेना के कप्तान की **"नाइट राइटिंग" प्रणाली** से प्रेरित होकर **ब्रेल प्रणाली** विकसित की।
        - वर्ष 1815 में **चार्ल्स बार्बियर डे ला सेरे** द्वारा निर्मित "नाइट राइटिंग" प्रणाली में **12 उभरे हुए बिंदुओं** का प्रयोग किया गया था और इसे सैनिकों के लिये अंधेरे में गुप्त संवाद करने हेतु डिजाइन किया गया था।
- **ब्रेल प्रणाली:** इसमें **3×2 मैट्रिक्स** में 6 उभरे हुए बिंदुओं का उपयोग कर वर्ण बनाए जाते हैं, जिन्हें उनकी व्यवस्था द्वारा पहचाना जा सकता है।
- **ब्रेल लिपि को विभिन्न उपकरणों से लिखा जा सकता है, जिनमें स्लेट, ब्रेल राइटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं।**

- ध्वनि और [कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)](#) प्रौद्योगिकी के विकास के बावजूद, ब्रेल लिपि अभी भी स्वतंत्रता के लिये आवश्यक है, विशेष रूप से उन लोगों के लिये जो जन्म से नेत्रहीन हैं।

//



और पढ़ें: [विश्व ब्रेल दिवस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-braille-day-2025